भ्रष्टाचार | कौड़िया पंचायत में भ्रष्टाचार, बंद सीसीटीव्ही और 33 विकास कार्यों पर उठे सवाल

# 5 दिन में जांच नहीं तो भूख हड़ताल

**नवभारत,नरसिंहपुर,गाडरवारा।** कौड़ियां ग्राम पंचायत में कथित भ्रष्टाचार, वित्तीय अनियमितताओं और विकास कार्यों में गड़बड़ी को लेकर विवाद अब आंदोलन की दहलीज पर पहुंच गया है। पंचायत में लाखों रुपये खर्च कर लगाए गए CCTV कैमरों के बंद पड़े होने, पूर्व वित्तीय वर्ष में कराए गए 33 विकास कार्यों के मूल्यांकन न होने, पंचायत परिसर में फैली गंदगी, बंद पड़े सुलभ कॉम्प्लेक्स और राष्ट्रीय ध्वज के कथित अपमान को लेकर शिकायतकर्ता रजनीश कुमार कौरव ने जिला पंचायत नरसिंहपुर को अंतिम चेतावनी पत्र भेजा है।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर भारी वित्तीय अनियमितताएं हुई हैं, लेकिन शिकायतों के बावजूद अब तक कोई निष्पक्ष जांच शुरू नहीं की गई। उन्होंने प्रशासन पर मामलों को दबाने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। सबसे गंभीर सवाल पंचायत में संचालित 33 विकास कार्यों को लेकर उठाए गए हैं। आरोप है कि इन कार्यों का न तो तकनीकी मूल्यांकन कराया गया और न ही गुणवत्ता की जांच हुई।




### डिजिटल सुरक्षा व्यवस्था पर भी उठे सवाल

शासकीय राशि के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार की आशंका गहरा गई है। डिजिटल सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए गए हैं। शिकायत के अनुसार पंचायत क्षेत्र में लाखों रुपये खर्च कर लगाए गए अधिकांश CCTV कैमरे बंद पड़े हैं और केवल शोपीस बनकर रह गए हैं। वहीं पंचायत भवन परिसर में गंदगी का अंबार लगा है तथा लाखों रुपये की लागत से बना सुलभ कॉम्प्लेक्स आज तक शुरू नहीं हो सका, जिससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। राष्ट्रीय ध्वज को लेकर भी शिकायत में गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ता के मुताबिक पंचायत भवन के सामने लगे जय स्तंभ पर राष्ट्रीय ध्वज फटी एवं असम्मानजनक स्थिति में पाया गया, जिसे राष्ट्र सम्मान के विपरीत बताया गया है।

### आंदोलन की चेतावनी

रजनीश कुमार कौरव ने प्रशासन को चेतावनी दी है शिकायतकर्ता के मुताबिक पंचायत भवन के सामने लगे जय स्तंभ पर राष्ट्रीय ध्वज फटी एवं असम्मानजनक स्थिति में पाया गया। यदि 5 दिनों के भीतर उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच शुरू नहीं की गई तो पहले 3 दिन शांतिपूर्ण धरना दिया जाएगा, जिसके बाद क्रमिक भूख हड़ताल शुरू की जाएगी। पत्र में यह भी कहा गया है कि आंदोलन के दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति, जनआक्रोश या प्रशासनिक अव्यवस्था की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत कौड़ियां, जिला पंचायत नरसिंहपुर और संबंधित अधिकारियों की होगी अब निगाहें जिला प्रशासन पर टिकी हैं कि वह इस मामले में क्या कार्रवाई करता है या फिर कौड़ियां पंचायत का यह विवाद बड़े जनआंदोलन का रूप लेता है।

## 24 घंटे के भीतर गुम हुई तीन बालिकाओं को पुलिस ने खोज निकाला

**नवभारत,गोटेगांव।** विगत दिवस थाना गोटेगांव क्षेत्र से गुम हुई तीन नाबालिग बालिकाओं को पुलिस ने 24 घंटे में सकुशल दस्तयाब किया। तकनीकी एवं विभिन्न माध्यमों से पतासाजी कर जबलपुर से बालिकाओं को किया गया दस्तयाबद्व त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही पर परिजनों ने नरसिंहपुर पुलिस का जताया आभार। थाना गोटेगांव में रिपोर्ट प्राप्त हुई कि एक ही परिवार की 14 वर्षीय, 15 वर्षीय एवं 16 वर्षीय नाबालिग बालिकाएं घर से बिना बताए कही चली गई हैं। परिजनों द्वारा आसपास एवं संभावित स्थानों पर तलाश करने के बावजूद उनका कोई पता नहीं चल सका। सूचना प्राप्त होते ही थाना गोटेगांव पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। गुमशुदा तीन नाबालिग बालिकाओं की सकुशल दस्तयाबी हेतु विशेष टीम गठित की गई थीद्व पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना द्वारा उक्त प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए तीनों बालिकाओं की तलाश हेतु अति. पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्गदर्शन में एवं एसडीओपी गोटेगांव, मनीष त्रिपाठी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर बालिकाओं की सकुशल दस्तयाबी हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।

## ग्राहक सेवा केंद्र संचालक पर धोखाधड़ी का आरोप

**नवभारत,साईखेड़ा।** नगर में संचालित एक ग्राहक सेवा केंद्र पर खाताधारकों के साथ धोखाधड़ी किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में साईखेड़ा निवासी अनीता केवट ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के वित्तीय समावेशन अधिकारी को लिखित शिकायत सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच एवं दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। शिकायत सामने आने के बाद क्षेत्र में ग्राहक सेवा केंद्रों की कार्यप्रणाली को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनीता केवट एवं उनके पुत्र जितेंद्र केवट का बैंक खाता स्थानीय ग्राहक सेवा केंद्र संचालक शिवम अग्रवाल के माध्यम से संचालित होता है।

अनीता केवट ने शिकायत में बताया कि 8 जुलाई 2025 को उन्होंने अपने खाते से ? 20 हजार की राशि निकालकर पुत्र जितेंद्र के खाते में जमा कराने के लिए ग्राहक सेवा केंद्र पर आवेदन किया था। आरोप है कि ग्राहक सेवा केंद्र संचालक द्वारा उनके खाते से राशि आहरित कर ली गई तथा यह कह दिया गया कि रकम पुत्र के खाते में जमा हो चुकी है। पीड़िता के अनुसार उन्हें संचालक की बात पर विश्वास था, इसलिए उन्होंने खाते की दोबारा जांच नहीं कराई। करीब दस माह बाद 16 मई 2026 को




जब उन्हें पैसों की आवश्यकता पड़ी और वह पुत्र के खाते से राशि निकालने बैंक पहुंचीं, तब खाते में मात्र लगभग ?250 शेष होना पाया गया। इस पर जब बैंक में जानकारी ली गई तो खुलासा हुआ कि ?20 हजार की राशि कभी जितेंद्र के खाते में जमा ही नहीं हुई थी। अनीता केवट का आरोप है कि जब उन्होंने इस संबंध में ग्राहक सेवा केंद्र संचालक से शिकायत की तो उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। हालांकि बाद में शिकायत बैंक अधिकारियों तक पहुंचने और मामला बढ़ने पर संचालक द्वारा ?10 हजार नगद लौटाए गए तथा शेष ?10 हजार की राशि पुत्र के खाते में जमा कराई गई। पीड़िता ने अपनी शिकायत में यह भी उल्लेख किया है कि ग्राहक सेवा केंद्रों पर क्षेत्र के गरीब, मजदूर एवं अशिक्षित लोग अपने बैंक संबंधी कार्यों के लिए निर्भर रहते हैं। ऐसे लोगों को कई बार नियमों की पूरी जानकारी नहीं होती, जिसका लाभ उठाकर कुछ संचालकों द्वारा अतिरिक्त राशि वसूले जाने एवं अनियमितताएं किए जाने की शिकायतें सामने आती रहती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सेवा केंद्र अब सेवा की बजाय व्यवसायिक केंद्र बनते जा रहे हैं। अनीता केवट ने बैंक प्रबंधन से मांग की है कि मामले की गंभीरता से जांच कर दोषी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में अन्य खाताधारकों के साथ इस प्रकार की घटनाएं न हों। वहीं क्षेत्र के लोगों ने भी बैंक अधिकारियों से ग्राहक सेवा केंद्रों की नियमित निगरानी एवं खातों के लेनदेन की पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की है।



## तेंदूपत्ता तुड़ाई कार्य जारी,1950 मानक बोरा संग्रहण का लक्ष्य

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** इन दिनों बरमान परिक्षेत्र के अंतर्गत तेंदूखेड़ा क्षेत्र में 11 फडो पर 1950 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रह का लक्ष्य रखा गया है ।400 रुपए प्रति सैकड़ा की दर से टूट रहे तेंदूखेड़ा को पिछले बार की अपेक्षा 150 मानक बोरा अतिरिक्त तोड़ने का लक्ष्य है। इस बार तुड़ाई शुरू होने से पहले ही मौसम की प्रतिकूलता के चलते तेंदूपत्ता ठीक नहीं आ पा रहा था लेकिन अब मौसम का तापमान अधिक होते ही पत्ते में अपेक्षाकृत सुधार हुआ है। पूर्व में माता वाले पत्ते के साथ पत्ता लाल था अब सुधार की स्थिति में है।


## कृषक कल्याण वर्ष के अंतर्गत ग्राम पुआरिया में कृषक संगोष्ठी

**नवभारत,चीचली।** प्रदेश सरकार द्वारा मनाए जा रहे कृषक कल्याण वर्ष के अंतर्गत शुक्रवार को चीचली विकासखंड के ग्राम पुआरिया में कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कलेक्टर रजनी सिंह के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ, जिसमें किसानों को कृषि एवं उससे संबद्ध विभागों की योजनाओं, नवीन तकनीकों और प्राकृतिक खेती के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। संगोष्ठी में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) के अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र, पशुपालन, उद्यानिकी, कृषि अभियांत्रिकी एवं मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने भाग लेकर किसानों को विभिन्न योजनाओं और गतिविधियों से अवगत कराया। कार्यक्रम में गौशाला संचालक, सरपंच, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. आशुतोष शर्मा ने किसानों को खरीफ फसलों की तैयारी, संतुलित उर्वरकों के उपयोग एवं आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी। वहीं वैज्ञानिक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने उन्नत कृषि यंत्रों के उपयोग पर विस्तार से प्रकाश डाला। परियोजना संचालक आत्मा आर.पी. झारिया ने ई-विकास प्रणाली, समन्वित कृषि, फसल विविधिकरण एवं प्राकृतिक खेती के महत्व को समझाया। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के.पी. सिंह ने नरवाई प्रबंधन एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के डॉ. महेन्द्र सिंह पाल ने पशु टीकाकरण, उन्नत नस्ल सुधार एवं कृत्रिम गर्भाधान संबंधी जानकारी दी। उद्यानिकी विभाग की सीमा केवट ने किसानों को फल, सब्जी एवं अन्य उद्यानिकी फसलों के उत्पादन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के पश्चात किसानों ने ग्राम पुआरिया में संचालित बायो रिसोर्स यूनिट का निरीक्षण किया। यूनिट संचालक कुलदीप कौरव द्वारा किसानों को गोबर एवं गौमूत्र से निर्मित जीवामृत, बीजामृत जैसे प्राकृतिक उत्पादों का अवलोकन कराया गया तथा इनके उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई।




## जलभराव से बचाव के लिए पुरानी सड़क पर बिछाई चार इंच की क्रांक्रीट परत, ग्रामीण स्वयं कर रहे तराई

**नवभारत,गोटेगांव।** गोटेगांव अंतर्गत बरहटा ग्राम पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत पुरानी आठ इंच मोटी सीमेंट कंक्रीट सड़क पर गड्ढे हो जाने के कारण पंचायत द्वारा इसका मरम्मत व सुदृढ़ीकरण कार्य कराया जा रहा है। इसके तहत पुराने रास्ते को तोड़े बिना उस पर चार इंच मोटी कंक्रीट की नई परत बिछाई जा रही है, जिससे नागरिकों का आवागमन सुलभ हो सके। स्थानीय ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि पुराना मार्ग मजबूत था, किंतु कुछ स्थानों पर गड्ढे हो गए थे। यदि नई सड़क की ऊंचाई अधिक बढ़ाई जाती, तो बारिश के दिनों में जलभराव होकर पानी लोगों के घरों में घुसने की आशंका रहती। इसी तकनीकी कारण से सड़क पर केवल चार इंच की परत चढ़ाई गई है। इस निर्माण



कार्य की विशेष बात यह है कि भीषण गर्मी के मौसम में सड़क को पूर्ण मजबूती प्रदान करने के लिए ग्रामवासी स्वयं आगे आकर सक्रिय सहयोग कर रहे हैं। ग्रामीण अपने घरों की मोटरों से पानी चलाकर नई सड़क की नियमित और बेहतर तरीके से तराई कर रहे हैं।

### एक नजर में




## राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक संपन्न

**नवभारत,गोटेगांव।** विगत दिवस जिसमें इंडिया हेल्थ लाइन के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ एल.बी सिंह चंदेल बिट्टू सिंह एवं प्रांत संगठन मंत्री ओम प्रकाश मौजूद रहे बैठक में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार मंदिरों पर अतिक्रमण एवं लव जिहाद रोकने पर चर्चा एवं संगठन के विस्तार एवं आगे के वार्षिक कार्यक्रम एवं कार्यों पर चर्चा कर बैठक में जिले से पधारे सभी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही जिला अध्यक्ष अंकुर पाठक द्वारा आभार व्यक्त किया गया बैठक में उपस्थित राष्ट्रीय बजरंग दल जिला अध्यक्ष संदीप पटेल जिला महामंत्री गोपी रजक जिला मीडिया प्रभारी अमित नाम देव जिला राष्ट्रीय महिला परिषद जिला अध्यक्ष चांदनी विश्वकर्मा जिला उपाध्यक्ष सूरज पटेल मनोज सोनी एवं अंशुल गुप्ता जी गोटेगांव विधानसभा अध्यक्ष राजा सोनी राष्ट्रीयबजरंग दल विधानसभा अध्यक्ष दीपेश पटेल विधानसभा उपाध्यक्ष राजा पटेल जिला व्यापारी संघ अध्यक्ष मयंक जैन करेली नगर अध्यक्ष हरि ओम नामदेव गोटेगांव नगर अध्यक्ष लोकेश दुबे एवं गाडरवाड़ा सांई खेड़ा चीचली तेंदुखेडा करेली नरसिंहपुर मुंगबानी गोटेगांव सहित समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सांदीपनि विद्यालय में समर कैंप समापन

**नवभारत,गोटेगांव।** विगत दिवस शासकीय सांदीपनि विद्यालय में 17 दिवसीय समर कैंप का समापन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शासन के निर्देशानुसार विगत 01 मई से विद्यालय में संगीत, नृत्य एवं हेन्डक्राफट का प्रशिक्षण श्रीमति स्नेहा जैन एवं अजय सोनेवाल द्वारा दिया जा रहा है। समर कैंप का संचालन माध्यमिक विभाग प्रभारी श्रीमति वर्षा जैन एवं प्राथमिक विभाग प्रभारी श्रीमति अनीता दुबे द्वारा किया गया। समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय विद्यायक महेन्द्र नागेश द्वारा की गई। समापन दिवस पर प्रतिभागी विद्यार्थियों द्वारा संगीत विधा में गायन एवं वादन द्वारा प्रस्तुति दी गई। एकल एवं सामूहिक नृत्य प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में समा बांधी। 17 दिवसों में तैयार हेन्डक्राफ्ट की मनमोहक प्रदर्शनी विद्यालय परिसर में लगाई गयी। जिसका अवलोकन विधायक महेन्द्र नागेश सहित समस्त अतिथियों ने किया। विधायक ने अपने उद्बोधन में समर कैंप के दौरान विद्यार्थियों के कार्य के साथ प्रशिक्षकों एवं संलग्न स्टाफ की प्रशंसा की। उद्बोधन के दौरान उन्होने छात्र-छात्राओं से अपनी समस्याओं को अपने माता-पिता, शिक्षकों एवं जनप्रतिनिधियों से अवगत कराने की समझाइश भी दी।

## दीवान परिवार में शोक

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** प्रतिष्ठित ग्राम इमझिरा के दीवान परिवार में दीवान बसंत राज सिंह सरोज सिंह की पूज्य माताजी श्रीमती बती बाई दीवान का 103 वर्ष की लंबी आयु के बाद देवलोकगमन हो जाने पर क्षेत्र के सभी वर्गों के लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अंतिम विदाई दी। वयोवृद्ध माता जी दीवान शैलेंद्र सिंह नरेश सिंह अर्जुन सिंह इंद्रजीत सिंह कृष्णपाल सिंह की दादी थीं।

## दान धर्म और आत्म चिंतन के लिए सर्वोत्तम है पुरुषोत्तम मास

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** हमारी परंपरा में लगभग तीन वर्ष में आने वाला अधिक मास पुरुषोत्तम मास के नाम से जाना जाता है। इस माह के अधिपति परम पुरुष पुरुषोत्तम आदि नारायण है। शास्त्र परम्परा में प्रत्येक महीने का अपना अलग महत्व है ।लेकिन पुरुषोत्तम मास को भगवान ने अपना नाम प्रदान करते हुये इसमें सभी दिव्य गुणों को प्रदान किया है। यह महिना आत्म चिंतन तीर्थ यात्रा जप पाठ भगवद् भजन कीर्तन कथा श्रवण के साथ आध्यात्मिक उन्नति और मोक्ष को प्रदान करने वाला है ।ज्योतिष रत्न ज्योतिष शिरोमणि आचार्य प्रमोद पचौरी ने बताया की ज्योतिष शास्त्र के सिध्दांतों के अनुसार सौर वर्ष 365 दिन का होता है और चान्द्र वर्ष 354 दिन का होता है। इन दोनों के लगभग 11 दिन के अंतर को समायोजित करने के लिए लगभग 32 माह 16 दिन में एक अधिक मास बन जाता है। यह महीना सूर्य की संक्रांति से हीन होता है। इसे मलमास भी कहा जाता है।



## आचार्य सामान्य प्रशिक्षण वर्ग में वंदना विषय पर चर्चा

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** केशव शिक्षा समीति महाकौशल प्रांत द्वारा चल रहे आचार्य सामान्य प्रशिक्षण वर्ग के द्वादश दिवस के वंदना सत्र में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर वंदना की। इस सत्र में श्रीराम अरावकर सह संगठन मंत्री विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान एवं केशव शिक्षा समिति महाकौशल प्रांत जबलपुर के प्रादेशिक सचिव ईश्वरदास पटेल मंचासीन रहे। अतिथि परिचय संतकुमार शुक्ला सह प्रांत प्रमुख ने एवं अतिथि स्वागत गोविंद किरार जिला समन्वयक माधव ग्राम भारती नरसिंहपुर ने किया। वंदना उपरांत प्रशिक्षार्थियों द्वारा निर्मित ग्राम ज्योति पत्रिका का विमोचन किया गया। अरावकर ने अपने उद्बोधन में हमारी वंदना विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। कहा कि वंदना विद्यालयों में शुद्ध संगीतमय एवं वंदना लयबद्ध हो। वंदना का अक्षरश: अर्थ भी भैया बहिनों को ज्ञात हो। साथ ही विद्यालय विकास शैक्षणिक गुणवत्ता एवं आचार्य का विकाश ऐसा हो कि वह सर्वगुण हो उसके ज्ञान एवं सीखने की क्षमता का लगातार विकास हो। इस अवसर पर प्रांत प्रमुख अरविंद सिंह ठाकुर सह प्रांत प्रमुख संतकुमार शुक्ला एवं विभिन्न जिलों के जिला समन्वयक सह समन्वयक समस्त शिक्षक इस सत्र में उपस्थित रहे।

## एनटीपीसी में 'बालिका सशक्तिकरण अभियान' का शुभारंभ

**गाडरवारा।** एनटीपीसी गाडरवारा द्वारा गत दिवस 'बालिका सशक्तिकरण अभियान (त्वश्वरू) 2026' का शुभारंभ किया गया। यह एक माह का आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसमें परियोजना प्रभावित ग्रामों के सरकारी विद्यालयों से पाँचवीं कक्षा उत्तीर्ण बालिकाएँ भाग ले रही हैं। इस अभियान का उद्देश्य बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाना तथा उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना है।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्रीमती रजनी सिंह, कलेक्टर नरसिंहपुर, द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर राधेश्याम मौर्य, महाप्रबंधक (O&M), राजीव त्रिपाठी, महाप्रबंधक (परियोजना), बीबी पात्रा, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन),अन्य वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, प्रतिभागी बालिकाएँ एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत एनटीपीसी गीत एवं स्वागत संबोधन से हुई।



इसके पश्चात त्वश्वरू पर आधारित एक प्रेरणादायक लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। पूर्व त्वश्वरू प्रतिभागी बालिकाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन भी किया। इस अभियान के अंतर्गत प्रतिभागी बालिकाओं को संवाद कौशल, कंप्यूटर साक्षरता, योग, आत्मरक्षा, संगीत, नृत्य, कला, विज्ञान तथा नेतृत्व क्षमता जैसे विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह पहल उनके शारीरिक, मानसिक, शैक्षणिक एवं नैतिक विकास को सुदृढ़ बनाने में सहायक होगी। अपने संबोधन में श्रीमती रजनी सिंह ने कहा, 'बालिकाओं का सशक्तिकरण केवल समाज की आवश्यकता नहीं, बल्कि राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। शिक्षा, आत्मविश्वास और सही अवसरों के माध्यम से बेटियाँ हर क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ प्राप्त कर सकती हैं। ऐसे अभियान बालिकाओं को आत्मनिर्भर एवं सक्षम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।' GEM 2026 यह दर्शाता है कि एक सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए किस प्रकार भविष्य की पीढ़ियों को सशक्त बनाने की दिशा में सार्थक प्रयास कर सकती है। यह पहल शिक्षा, समानता एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है।

# अवैध पटाखा भंडारण पर पुलिस का सख्त एक्शन

## पटाखा भंडारण की चेकिंग के दौरान अनियमितता पाए जाने पर मामला दर्ज

**नवभारत,नरसिंहपुर।** जिले में आमजन की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशानुसार जिलेभर में विशेष अभियान चलाकर पटाखा एवं विस्फोटक पदार्थों की बिक्री एवं भंडारण करने वालों की सघन चेकिंग की गई। पटाखा भंडारण में लापरवाही मिलने पर मामला दर्ज अभियान के दौरान थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक प्रतिष्ठान की जांच पर पटाखा भंडारण अनियमितता में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति मनीष कुमार साहू पिता डोरी लाल साहू, निवासी शास्त्री वार्ड, नरसिंहपुर के विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम के तहत वैधानिक कार्यवाही करते हुए मामला पंजीबद्ध किया गया। कार्यवाही के दौरान पुलिस द्वारा संबंधित संचालकों को विस्फोटक एवं पटाखा सामग्री के सुरक्षित भंडारण, वैध दस्तावेज रखने एवं निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन




करने हेतु सख्त निर्देश दिए गए हैं। जप्ती कार्यवाही के दौरान पुलिस ने करीब 80 हजार रुपये के मशरूम पटाखे किए जप्त किए गए है। वैधानिक कार्यवाही उक्त आरोपी के विरूद्ध धारा 287 बीएनएस, 5, 9 (1) (1) विस्फोटक अधिनियम के तहत अपराध पंजीवद्ध।

### इनकी रही भूमिका

कार्यवाही में सराहनीय भूमिका उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी, कोतवाली, निरीक्षक गौरव चाटे, उनि मनीष मरावी, आरक्षक जितेन्द्र ठाकुर, पंकज राजपूत, प्रहलाद माधवे एवं रोहित चंपुरिया की सराहनीय भूमिका रही है। पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना एवं नरसिंहपुर पुलिस की आमजन एवं व्यापारियों से अपील विस्फोटक एवं पटाखा सामग्री का भंडारण निर्धारित नियमों के अनुसार ही करें। सुरक्षा मानकों एवं लाइसेंस संबंधी नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि अथवा अवैध भंडारण की सूचना तत्काल पुलिस को दें। आमजन की सुरक्षा हेतु पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।



## अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्यवाही जारी

**नवभारत,नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे भ्रमण के दौरान डोगरगाँव पुलिस को एक व्यक्ति कल्याणपुर से आश्रम जाने वाले कच्चे रास्ते पर संदिग्ध अवस्था मे खड़ा दिखाई दिया जो पुलिस को देखकर खुद को छुपाने की कोशिश करता प्रतीत हुआ संदेह होने पर पुलिस टीम द्वारा पीछा कर उसे पकड़ा गया जिसका ना पता पूछने पर अपना नाम ब्रजेश उर्फ पारा उर्फ राजा पिता राजेश पारासर उम्र 21 वर्ष निवासी एमपीईबी कालोनी गाडरवारा थाना गाडरवारा जिला नरसिंहपुर म.प्र. का होना बताया जिसकी तलाशी ली जाने पर आरोपी के पास 570 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गाँजा कीमती करीब 12000/- रूपये का बरामद हुआ आरोपी के विरूध्द एनडीपीएस अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई । थाना डोगरगाँव की कार्यवाही, गिरफ्तार आरोपी, ब्रजेश उर्फ पारा उर्फ राजा पिता राजेश पारासर, निवासी एमपीईबी कालोनी, गाडरवारा। जप्त मादक पदार्थ लगभग 570 ग्राम गांजा जप्त। वैधानिक कार्यवाही धारा 8, 20 एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज। कार्यवाही में मुख्य भूमिका उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी डोगरगाँव, उप निरीक्षक महिला आरक्षक गिनी तिवारी आदि की मुख्य भूमिका रही है।